प्रेषक,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कानपुर नगर।

सेवा में,

प्रबन्धक,
डॉ0 वीरेन्द्र स्वरूप एजूकेशन सेन्टर,
जाजमऊ कानपुर नगर।

पत्रांक–जूनि0मान्यता/ 13927-34 /2025–26 दिनांक– 14 अक्टूबर, 2025

विषय– डॉ0 वीरेन्द्र स्वरूप एजूकेशन सेन्टर, जाजमऊ कानपुर नगर को कक्षा प्री से कक्षा 8 तक की स्थाई मान्यता के सम्बन्ध में।

महोदय,

इस कार्यालय के पत्रांक/प्र0श्रे0लि0–4/39597–605/2018–19 दिनांक 23.02.2019 के द्वारा डॉ0 वीरेन्द्र स्वरूप एजूकेशन सेन्टर, जाजमऊ कानपुर नगर को कक्षा प्री से कक्षा 8 तक अंग्रेजी माध्यम की शैक्षिक सत्र से 03 वर्ष तक अनंतिम मान्यता प्रदान की गयी थी। विद्यालय डॉ0 वीरेन्द्र स्वरूप एजूकेशन सेन्टर, जाजमऊ कानपुर नगर द्वारा मान्यता स्थाईकरण किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

उक्त के क्रम में इस कार्यालय के पत्रांक/प्र0श्रे0लि0–4/11189/2025–26 दिनांक 22..08.2025 एवं पत्रांक/प्र0श्रे0 लि0–4/12247/2025–26 दिनांक 08.09.2025 के माध्यम से खण्ड शिक्षा अधिकारी शास्त्री नगर कानपुर नगर को विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिये गए। निरीक्षणोपरान्त खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय द्वारा कार्यालय पत्रांक/13786 दिनांक 13.10.2025 को आख्या प्रस्तुत की गयी।

अतः खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय कानपुर नगर संस्तुति सहित दी गयी आख्या के आधार पर शासनादेश संख्या 89/अड़सठ– 3–2018–2041/2018 दिनांक 11 जनवरी 2019 के प्रस्तर–2–(1) में वर्णित शर्तो (यथासंशोधित) तथा नवीन शासनादेश सं0 575/अरसठ–3–2018– 2041/2020 बे0शि0 अनु0–3 दिनाँक 26 सितम्बर 2023) में निहित प्राविधानों के आलोक में सभी मानक व शर्ते पूर्ण पाए जाने की दशा में डॉ0 वीरेन्द्र स्वरूप एजूकेशन सेन्टर, जाजमऊ कानपुर नगर को प्रदान की गयी अनन्तिम मान्यता, आदेश निर्गमन तिथि से तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने के फलस्वरूप स्थाईकरण/विद्यालय संचालन की अनुमति इस प्रतिबन्ध के साथ प्रदान की जाती है कि "मान्यता आदेश में वर्णित समस्त शर्तो एवं समय–समय पर दिये गये विभागीय निर्देशों का यथावत पालन विद्यालय द्वारा किया जायेगा एवं चार्टर्ड एकाउन्टेट(सी0ए0) द्वारा प्रमाणित विद्यालय का लेखा विवरण एवं सोसाइटी का नवीनीकरण प्रमाणपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।"

(सुरजीत कुमार सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कानपुर नगर।
14/10/25

पृ0सं0/प्रा0मान्यता/ 13927-34 /2025–26 तद्दिनांक।
प्रतिलिपि–निम्नाँकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– शिक्षा निदेशक (बे0) उ0प्र0 निशातगंज लखनऊ।
2– सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद् प्रयागराज।
3– संयुक्त शिक्षा निदेशक, कानपुर मण्डल कानपुर।
4– जिला विद्यालय निरीक्षक, कानपुर नगर।
5– मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बे0)कानपुर मण्डल, कानपुर।
6– जिला समाज कल्याण अधिकारी/अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी/पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी–कानपुर नगर।
7– खण्ड शिक्षा अधिकारी सदर बाजार कानपुर नगर।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कानपुर नगर।
14/10/25